(xiii) Need to run local train between Patna Junction and City Ghat for the benefit of local people

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, पटना के आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और जनता की मांग को पूरा करने के लिए लोकल ट्रेन जो अभी आर-ब्लाक से चलकर दीघा घाट तक चलती है उसे पटना जंक्शन से सिटी घाट तक चलाने की व्यवस्था की जाये। माननीय रेल मंत्री जी भी इस संबंध में पूर्व में घोषणा कर चुके हैं। अपितु अभी तक इस कार्य पर कोई काम नहीं हुआ है। इस लोकल ट्रेन के चलने से वहां के आम नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी और पटना की ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार होगा। इस क्षेत्र की आबादी बहुत ज्यादा है। खास तौर पर गरीब मजदूर किसान और कर्मचारी वर्ग के लोगों को इससे लाभ पहुंचेगा।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि पटना के आम नागरिकों के सुविधा के मद्देनजर लोक ट्रेन को पटना जंक्शन से सिटीघाट तक चलाने की अविलम्ब व्यवस्था करें।